रजिस्टर्ड

कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर।

पत्र संख्या: ज0सू0ऑनलाइन- 116/2025/SPMZR/R/2025/60124 दिनांक- जून 27 2025

आवेदक श्री योगी एम0पी0 सिंह निवासी ग्राम मोहल्ला सुरेखापुरम जबलपुर रोड पिन कोड- 231001

कृपया आप अपने आवेदन पत्र दिनांक 26.05.2025 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से जनसूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत अपेक्षित सूचना उपलब्ध कराये जाने विषयक है। आप द्वारा अपेक्षित सूचना के क्रम मे कार्यालय क्षेत्राधिकारी नगर, जनपद मीरजापुर से सूचना की माँग की गयी है। जो निम्नवत हैः-

बिन्दु संख्या-1. सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्रो की जांच जिस अधिकारी द्वारा की जाती है। जांचोपरान्त उस कर्म/अधि0 द्वारा शिकायती प्रार्थना के अवलोकन के बाद यह सुनिश्चित किया जाता है कि यह प्रकरण पुलिस विभाग से या किसी अन्य विभाग-से सम्बन्धित है।

बिन्दु संख्या-2. इस बिन्दु मे अनिवर्यता नही है कि राजस्व से सम्बन्धित प्रकरण होने पर सम्बन्धित को पत्र प्रेषित किया जाये।

बिन्दु संख्या-3. इस बिन्दु में यह है कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में जिस सम्बन्धित अधिकारी के यहां निर्देश जाते है उसके द्वारा अनुपालन किया जाता है।

बिन्दु संख्या-4. सम्बन्धित प्रकरण मे अतिरिक्त उप प्रभागीय मजिस्ट्रेट के न्यायालय से कोई निर्देश प्राप्त न होने से किसी आदेश का अनुपालन नही किया गया है। शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत निरोधात्मक कार्यवाही अन्तर्गत धारा 126/135 में चालान किया गया है।

बिन्दु संख्या-5. धारा-8(1)(j) के तहत व्यक्तिगत सूचना देय नही है।

क्षेत्राधिकारी नगर
जनपद मीरजापुर।

प्रतिलिपि – जनसूचना अधिकारी कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर को अपने पत्र संख्या ज0सू0ऑनलाइन- 116/2025/SPMZR/R/2025/60124 दिनांकित 10.06.2025 के संदर्भ मे सादर सूचनार्थ प्रेषित।